# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.12.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के आखिरी दिन धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही है चर्चा, कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने विपक्ष पर बोला हमला, भाजपा ने बालू के मुद्दे पर सरकार को घेरा।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली रहने पर जतायी नाराजगी, राज्य सरकार को जल्द नियुक्ति करने का दिया निर्देश।
3. पीएमएलए की विशेष अदालत रांची के चेशायर होम की एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर आज सुनायेगी फैसला।
4. कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन का होगा विस्तारीकरण, डीवीसी 8 सौ मेगावाट क्षमता वाली दो नयी यूनिट की करेगा स्थापना।
5. रांची समेत राज्यभर में सर्द हवा चलने से बढ़ी ठंड, 20 जिलों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे, मौसम विभाग ने 15 दिसंबर के बाद शीतलहर चलने की जतायी संभावना।

**********************

झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र का आज अंतिम दिन है। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया, जिसपर चर्चा हो रही है। चर्चा की शुरुआत झामुमो विधायक प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने अपनी सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला भी किया। धन्यवाद प्रस्ताव के बाद अनुपूरक बजट पर भी चर्चा होगी और सरकार की ओर से उत्तर दिया जायेगा।

**********************

इधर, भाजपा विधायक शशि भूषण मेहता ने राज्य में बालू की कमी के मुद्दे को लेकर आज सदन के भीतर सरकार को घेरने का प्रयास किया। इससे पहले उन्होंने सदन के बाहर धरना भी दिया। श्री मेहता ने कहा कि बालू की कमी के कारण पीएम और अबुआ आवास जैसी योजनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी बालू को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि झारखंड में बालू की कमी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

**********************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि यह एक महात्वाकांक्षी योजना है और इससे खासकर ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आयेगा।

**********************

इधर, राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखंड में कृषि और किसानों को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया जायेगा।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट ने तीन माह से जेपीएससी अध्यक्ष पद खाली रहने पर नाराजगी व्यक्त की है। सिविल सेवा परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को जेपीएससी अध्यक्ष के खाली पद को जल्द भरने का निर्देश दिया। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि अध्यक्ष पद खाली रहने के कारण कई नियुक्तियां बाधित हो रही और नयी नियुक्ति की प्रक्रिया भी शुरु नहीं हो पा रही है।

**********************

पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी एक से डेढ़ प्रतिशत तक बढ़ सकती है। एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति के अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति ने इसकी वकालत करते हुए कहा कि यह देश के लिए परिवर्तनकारी होगा। श्री कोविंद ने कानपुर में संवाददताओं को बताया कि केंद्र सरकार को इसके कार्यान्वयन के लिए सर्वसम्मति से फैसला लेना होगा।

इधर, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी एक राष्ट्र, एक चुनाव की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि इससे जहां एक ओर योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित नहीं होगा, वहीं दूसरी ओर आर्थिक बोझ भी कम होगा।

**********************

कोडरमा में डीवीसी 8 सौ मेगावाट क्षमता वाली दो नयी यूनिट की स्थापना करेगा। इस सिलसिले में भूमि पूजन का कार्य संपन्न हो गया है। इससे बिजली उत्पादन क्षमता एक हजार छह सौ मेगावाट बढ़ जायेगी। फिलहाल कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन से एक हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। दो नयी यूनिट के खुल जाने से उत्पादन क्षमता दो हजार छह सौ मेगावाट हो जायेगी। डीवीसी अध्यक्ष एस. सुरेश कुमार ने बताया कि नयी यूनिट का निर्माण कार्य अगले वर्ष शुरु हो जायेगा।

**********************

कोडरमा जिले में एक दिव्यांग फागु दास यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरुक करने का काम कर रहे हैं। फागु दास कहते हैं कि लोगों को पुलिस के भय से नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाकर बाइक चलानी चाहिए।

फागु दास की ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने की पहल की कोडरमा पुलिस ने सराहना की है। एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि ट्रैफिक नियमों के लिए फागु दास एक आइकन हैं, जिन्हें देखकर दूसरे लोगों को सबक लेने की जरूरत है।

**********************

पाकुड़ शहरी क्षेत्र को जाम से मुक्ति दिलाने की पहल की जा रही है। इसके साथ ही चौक–चौराहों का सुंदरीकरण भी किया जा रहा है।

**********************

रांची के चेशायर होम की एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए की विशेष अदालत आज फैसला सुनाएगी। श्री रंजन ने खुद पर लगे आरोपों से मुक्त करने के लिए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया है। 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने छवि रंजन को गिरफ्तार किया था और वे तब से जेल में बंद हैं।

**********************

रांची समेत राज्य भर में सर्द हवा चलने के कारण कनकनी बढ़ गयी है। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में तीन से सात डिग्री सेल्सयस तक की गिरावट आयी है। 20 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने 15 दिसंबर के बाद राज्य में शीतलहर चलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

****************